प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं सदस्य सचिव,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजियाबाद।

पत्रांक/मं0स0/मा0शि0/(NOC) अनुभाग/1428-31 /2010 मेरठ दिनांक : 24-6-10

विषय :— आर0के0 इण्टरनेशनल स्कूल, कृष्णानगर (बागू) निकट सिद्धार्थ विहार, बाईपास रोड, गाजियाबाद, संस्कार वर्ल्ड स्कूल, मेरठ रोड, निकट आई0टी0सी0, गाजियाबाद एवं रॉयल पब्लिक स्कूल, देहरा कुटी, गढ़ स्याना रोड, गाजियाबाद को सी0बी0एस0ई0, दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के लिए विद्यालय के भू–अभिलेखों का सत्यापन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निवेदन है कि आयुक्त महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार विद्यालयों के भू–अभिलेखों के सत्यापन आख्या में निम्नलिखित बिन्दुओं का समावेश किया जाना है। उक्त विद्यालय के भू–अभिलेखों की फोटो प्रतियां इस निवेदन के साथ प्रेषित है कि भू–अभिलेख सत्यापन में इन बिन्दुओं का समावेश करके आख्या एवं संस्तुति यथाशीघ्र अद्योहस्ताक्षरी को भिजवाने का कष्ट करें :–

1— विद्यालय का संचालन किस ट्रस्ट/सोसायटी द्वारा किया जा रहा है, नाम तथा पंजीकरण, नवीनीकरण की स्थिति का उल्लेख।

2— विद्यालय का भवन जिस भूमि पर बना है, उनकी माप (वर्गमीटर में)।

3— भूमि/भवन ट्रस्ट/सोसायटी/विद्यालय किसके नाम है। राजस्व खतौनी में दर्ज होने की स्थिति।

4— भूमि विकास प्राधिकरण/विकास परिषद/यू0पी0एस0आई0डी0सी0 से प्राप्त की गयी है तो आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, पट्टा अभिलेख का भी उल्लेख किया जाये।

5— भूमि प्राधिकरण/विकास परिषद/यू0पी0एस0आई0डी0सी0/नगर निगम/ग्रामीण क्षेत्र–किस क्षेत्र में स्थित है।

6— भूमि के कई गाटों में होने की स्थिति में क्या गाटे आपस में सटें है।

7— भूमि यदि 30 वर्ष के लिए विद्यालय के नाम ली गयी है तो इसके पंजीकरण के आधार पर किसके स्वामित्व में है।

8— इस भूमि भवन पर किसी अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त कर विद्यालय संचालित है या नही।

भवदीय,
24.6

(वी0के0 सक्सेना)
संयुक्त शिक्षा निदेशक/सदस्य सचिव,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

पृ0सं0/मं0स0/मा0शि0/(NOC) अनुभाग/ /2010 तद् दिनांक।

1–प्रतिलिपि आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को उनके द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

2–प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, आर0के0 इण्टरनेशनल स्कूल, कृष्णानगर (बागू) निकट सिद्धार्थ विहार, बाईपास रोड, गाजियाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित की भू–अभिलेखों के सत्यापन में राजस्व विभाग के अधिकारियों का सहायोग प्रदान करने का कष्ट करें।

3– प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, संस्कार वर्ल्ड स्कूल, मेरठ रोड, निकट आई0टी0सी0, गाजियाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित की भू–अभिलेखों के सत्यापन में राजस्व विभाग के अधिकारियों का सहायोग प्रदान करने का कष्ट करें।

4– प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, रॉयल पब्लिक स्कूल, देहरा कुटी, गढ़ स्याना रोड, गाजियाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित की भू–अभिलेखों के सत्यापन में राजस्व विभाग के अधिकारियों का सहायोग प्रदान करने का कष्ट करें।

(वी0के0 सक्सेना)
संयुक्त शिक्षा निदेशक/सदस्य सचिव,
मेरठ मण्डल, मेरठ।